DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: I am only dealing with 101,103,109 and the 50 pages which Mr. Yashwant Sinha read partially on Joint Conference. A Joint Conference is worse than our Statement of Objects and Reasons which we attach to every Bill. It is not prescriptive. It is not binding. It is not applicable at all. My friend reads it chapter and verse for 50 pages. Well. What is applicable? And, why is that? The reason is simple. Under the US law, there is a separation of powers and all parts of a statute are not applicable. Only those parts which are said to be binding are applicable. That is what was clarified categorically twice over even when we had the earlier debate. Even when 1 was speaking in the earlier debate on 16* June, 2006, it was said by the US Ambassador and then by President Bush himself that we have declared that these parts of the Hyde Act are advisory, are non-binding. This was said by President Bush. It was said by the US Ambassador. And, here, we are saying, 'We will not believe what the US administration says about its own law. We will not believe what the US Supreme Court says about its own treaties. We will not believe what the article 6 of the US Constitution says about its own treaties.' But, we will believe, what we want to believe. I want to say your views about these treaties is like Alice in Wonderland. You want to live in your own dream world.

Sir, article 2 (1) of 123 was also read which talks of each party shall implement this agreement in accordance with the respective applicable treaties, national laws and regulations. First of all, the word used is 'applicable treaties.'And, 123 is a treaty. But, secondly, this is a clause only dealing with implementation. It is in the nitty-gritty of getting permissions, of getting authorisations under local laws. For example import taxes, cesses, duties, etc. That is what it means. There is nothing whatsoever to do of what is told to you that it is a hindrance or a bar to activating the 123. There is also a clause 16.4, which is frequently forgotten, in 123. Sir, 16.4 says, 'This Agreement shall be implemented in good faith and in accordance with the principles of international law.' This is a separate ground. This Agreement is supreme under the US Constitution and the US law. But, separately and apart from that, it is also very important under the Vienna Convention, because it shall be implemented in good faith and in accordance with the international law, because it is an international treaty. And, articles 26 and 27 of the Vienna Convention — I remember, although the USA has not ratified it, would be bound by the spirit of Vienna Convention. So, it is completely wrong and misleading to read the Hyde Act as if it is a statute which overrides, which comes into the domestic law, which is written into and incorporated into the 123 is completely misleading.

Sir, may I now turn to the other aspect, which was, of course, partly discussed in the Lower House. It is about China. Is China less concerned about its own sovereignty? Is China less concerned about being overwhelmed by US? The Indo-US Plan Vs the China-US 123, if I may call it, is so striking in its departures that it is worth commenting upon. We are so concerned and so much concerned about being overwhelmed in terms of our sovereignty. I will just give you a few examples as a comparison of the 123 which China has happily begged

for, happily got and happily implementing is ten times more inferior than our 123. And, we are "Looikng A Gift Horse In The Mouth." (1) Under the China Agreement, there is a separate Uranium Agreement required with Australia. Nothing they get from the USA as far as Uranium is concerned. So, all their actual consumables and supplies have to come from a third country with which they have to enter a second and very much more a stringent agreement and which is apart from the US. The US promises them nothing.

In India, we get direct supplies and we do not have to go to a third country. We can go to any of the NSG countries.

Secondly, the separation plan in the case of China would have to be worked out jointly, consultatively, between China and Australia because Australia is supplying them Uranium. In other words, Australia has a veto in terms of separation of those plants which China wants to dedicate to military uses, versus, those which China wants to dedicate to civilian use. And, what do we do? We have absolute sovereignty to decide how many we dedicate to military and how many to civilian. Tomorrow, theoretically, we can dedicate all our future plants to military. And, there is no compromise, nobody inspects and nobody comes. And, we say, 'no', this is an assault on our sovereignty.'

No upfront reprocessing permission is granted to China. There is none. Apart from Japan, we are the only country in the world which has an upfront, advance U.S. permission for reprocessing rights subject to safeguards that we will have a separate national reprocessing facility. In any case, China has no agreement like this.

Now, I come to perpetual safeguards. Well, we have absolutely no possibility of any non-IAEA Inspector coming; none. In the China Agreement, there are possibilities and potentialities for U.S. Inspectors and, indeed, even Australian inspectors to visit. There is nothing like that as far as we are concerned. And, why is that? It is because China has decided that it wants to play a major role in the energy demand, which is going to increase in the next 20-30 years, to sustain its 10 per cent, 11 per cent or 9 per cent rate of growth to become truly a dragon and an elephant. It is proposed in China, incidentally, that by 2050 they will have 150 reactors with 1,50,000 MW of energy from nuclear sources alone. Well, I know that we have, and we are proud of that, a democracy. Sometimes, it is a very acceptable and desirable price that democracy has to pay. But, then, we cannot twiddle our thumb while China goes and gets 150 reactors with 1,50,000 MW towards which they are racing. Is it not ironic and interesting that there are only two places on earth which are opposing us tooth and nail? There are only spots on earth which oppose us vehemently. One is China and the other is Pakistan. Is there a reason for it? Is there a pattern to it? Well, ironically, the third place, in a democracy, where we have opposition, is ourselves in India. Well, these are the only three places that have opposition to this Agreement. That is a question which you need to turnover in your minds. Incidentally, the military part of the programme is completely and will remain completely untouched. This is a bogie. Mr. Yashwant Sinha talked of our deterrent. Well, there is absolutely no touching on our deterrent. I will deal with testing in a moment. You can have as many nuclear plants as you want. This is really a separation given by the USA, uniquely, to India. Let me end on this point by saying that, perhaps, today, we have 8 units out of 22, which we kept apart for our military. Well, these eight units or reactors can produce about 200 bombs. Let me assure you that 200 bombs are more than what we need; more than the whole world needs, to bomb ourselves; all of us twice over, out of existence. We don't need any more. We already have eight. But, remember, in case you want more than 200 bombs out of eight reactors, you can have 20 more reactors like that; no questions asked, no inspections.

4:00 P.M.

But, let me come now to an argument, which is equally like a red flag, as the Hyde Act. I have dealt with the Hyde Act. Let me deal with testing now. We have dealt with energy security. We have dealt with cost. We have dealt with the Hyde Act. We have dealt with Indo-China comparisons. The fifth point is about testing. The question put bluntly is: Can we have Pokharan -III after Pokharan - II? The answer categorically, unequivocally, unambiguously is, 'yes, we can.' The question was: Can we do it? Yes, of course, we can do it. Now, do you want affirmative U.S. permission? Do you want affirmative U.S support to do a third test? Can you imagine a world where you will go to the U.S. and say, 'Please support me for doing my third test.' Is that conceivable? Your question is: Can we do it? The answer unequivocally is: 'Yes'. But you want to frame the question in a manner where it appears that the U.S. must go out of its way to pat you on your back and support you for doing the third test. Well, that is not going to happen. Let me tell you something very interesting about testing. You are not able to cite—and I challenge you with utmost respect — a single clause, a single word, a single phrase, in the 123 Agreement, which stops you from testing; answer: nil. Number two, the 123 Agreement, indeed, curiously does not use the word 'test' for explosion at all. I may be wrong, but I have checked it. The word 'test' or 'explosion' is not used in the entire 123 Agreement. I have already demonstrated that the Hyde Act will not override the 123 Agreement; the 123 Agreement is the last expression of the sovereign will. But, now, assume for a minute, that the Hyde Act has anything to do with the subject. The Hyde Act has two parts. One is, an exemption from the old US law, the Atomic Energy Law, and the Hyde Act exempts you by allowing you to get waivers under the old 1954 law. That exemption remains. The rest of the Hyde Act says and he is right that in section 104 and 106, it says that we do not contemplate testing. Now, in the event of your testing, it is not that the 123 Agreement prohibits it. It is a fact that no country in the world will go out of the way to permit you to test, or, will, affirmatively, acknowledge that you can test. That does not mean that you have lost your sovereign right to test. You had the right in 1998 when you, Mr. Sinha, or, your predecessor made the Statement on the United Nation's floor, you had the right in 1999 when your Prime Minister made the Statement of a unilateral moratorium on testing. Let me tell you a good reason why they did so, and that is the same reason why all Governments like us also adhere to it. The reason is, this whole testing phobia is over emphasized. Most countries, in fact, do not need to test. Because we have done all the tests, we want. Do you know, of the nuclear club of five, Britain and France have no testing sites on their soil at all? They have no testing sites; so, they very rarely test. They have not tested for years. Of the balance three, Russia has the site, but it has signed the CTBT, which means Russia is governed on testing issues by the CTBT. Even of the nuclear club, that leaves only two, the USA and China. These two have signed the CTBT, but not ratified it. There is a view that if you sign a treaty and don't ratify, you are still bound by the spirit of that treaty. So, in actual fact, the whole issue of testing is over emphasized. We have many bombs; I don't know how many. We have many military reactors; we don't need to test. But in the unlikely event that your scientists say that you can't live without testing, you have the absolute sovereign right to test. What will happen if you test? Well, if you test, you may have to go through the procedures prescribed under two very significant clauses of the 123 Agreement which are being ignored by you. The two clauses are: Clause 5.6 and clause 14, which is the right to return clause, and, clause 5.6 which you gave an argument about, I am sorry, does not bear out your argument at all. Clause 5.6 gives you full protection in every possible way about continuous supply. Sir, let me just read some parts of clause 5.6. Clause 5.6 starts by saying, "the US has conveyed its commitment to the reliable supply of fuel." You have read a part of it, there is one whole page of seven clauses which reiterates the commitment to

supply. The question you have raised is, if you test and you terminate under 14, what will happen to this right? Remember two things. Under clause 14, you are not required to stop immediately. There is no interruptus, automatically, the moment you test. Clause 14 itself is a significant improvement. I want to ask you a question. When Mrs. Gandhi tested in 1974 and when you tested in 1998, did they not immediately impose sanctions? Well, now, under clause 14, you have a more liberalised regime. They can't do that for one year. Under clause 14, for one year, they have to talk to you. So, you have a much more liberalised regime than you ever had on testing for all these decades. Today, under the 123, it specifically says that if you test, both the countries will talk. There will be a one-year notice period and there will be discussions. It is extraordinary that a Party which swears by the testing of Pokhran in 1998, today, says, "we oppose", despite clause 14 of 123 Agreement which puts a one year gap before any action can be taken. You suffered sanctions on day one after you tested in 1998 and so did Mrs. Gandhi in 1974.

Secondly, and more importantly, you miss the point, the point that 5.6 is specifically not derogated *from..(Interruptions)* Article 5.6, in fact, does not say that it is subject to Article 14. Remember, Article 5.6 is 'uninterrupted continuous fuel supply' and Article 14 is termination'. Article 5.6 is not subject to Article 14. Article 14 does not override Article 5.6. On the contrary, Article 14 has a very extraordinary and interesting clause which says, even if we terminate, nothing in Article 5.6 shall be affected, which means that if and while you are terminating the Article 5.6 obligation to continue uninterrupted supplies shall not be touched and that is in 14.8: "It is not the purpose of the provisions of this Article", that is. Article 14, "regarding cessation of cooperation and the right of return to derogate from the rights of the parties under Article 5.6". Did you read this, Mr. Sinha? This is a preservation of Article 5.6. And what is Article 5.6? Article 5.6 is that you shall ensure uninterrupted supplies. Well, that is the meaning of 'uninterrupted supplies' which this Prime Minister and this Government has got for the first time. Both Articles 14 and 5.6 are unique. Of course, it is not realised, frequently not realised, that even signatories to the NPT...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Please.

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: ...even those who are signatories to the NPT can have a test, provided they leave the NPT. This is the normal rule; if you want to do some testing, you cannot have it both ways...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, please.

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: ...you cannot have the benefit and continue testing.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please. Listen to the hon. Member. You can reply when your chance *comes,(Interruptions)* What is the problem?

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: I can understand why some of my friends are uncomfortable and, therefore, they do not want to listen to it. But facts are sacred; facts don't *change.{Interruptiom)*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please l*isten.(Interruptions)* Please.

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: Let me now, in this line of facts, come to what I title 'The * of the BJP'. The true * is defined as one who ceases to perceive his deception and who changes his stand with sincerity.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. R J. KURIEN): Mr. Singhvi, how many more minutes do you want?

---

* Expunged as ordered by the Chair.

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: Five to seven, Sir. I will grant that sincerity to the BJP which makes you a true . Why are you true * ? That is because you are the ones who started a strategic phase in three particular areas — in civil and nuclear, in civil and space, *in* hitech trade. You then tangoed, for many years, with Mr. Strobe Talbot. Mr. Strobe Talbot.... *(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): What is the problem?

DR. FAROOQ ABDULLAH (Jammu and Kashmir): Why don't we really test out these bombs and find out what America does? You say that it would take one year for them to impose sanctions, but believe me, before that one year ends, they will start putting pressure on us in every w*ay....(Interruptions)...*

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: Dr. Abdullah, that is w*hy...(Interruptions)...* That is something *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Mr. Jothi, please. Dr. Abdullah, please. You will get the chance to s*peak.{Interruptions)*

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: We shall come to that. Why don't you all*ow/...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROE P.J. KURIEN): Please, address the Chair.

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: Mr. Vice-Chairman, Sir, can I answer his question by asking a counter question? Why do they not first allow the deal to be signed? We shall cross that bridge when we come to it.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, please conclude.

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: Now, you having started the strategic arrangement, Mr. Talbot tangoed for many months and years with the then Foreign Minister and it is very interesting for the then Foreign Minister — whom I always felt, is conspicuous by his absence, on any such debate on nuclear energy — Mr. Jaswant Singh, who never participates in these debates, thereby, hangs a tail. It is a very significant omission but he would have much to say about what was discussed, what was not discussed, why is it that the deal did not go through. Well, thereafter, the BJP changes tack and forgets its own statement made on the United Nations floor and today accuses us on testing issues. After your unilateral moratorium, after your unilateral commitment on the CTBT, how on earth, can you ask us questions about testing, with this Prime Minister having extracted a 5.6 and a 14? Is it not utter * ? On the one hand, you are prepared to have a moratorium, on the other, you are asking us questions about testing.

THE VICE-CHAIRMAN (PROE P.J. KURIEN): Now, please conclude.

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: Lastly, on transparency, my friends from the Left know well that the Prime Minister has made statements on this issue many times; not once, but more than five times, on 29* of July, 27* of February, 7* of March, and so on. The reason they give is that this was made before the passage of the Hyde Act. Well, after the passage of the Hyde Act, more than eight months had passed. Of course, we did not say that we will accept it in toto, but we were surprised by the vehemence of their objections when the process *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROE P.J. KURIEN): Please *conclude...(Interruptions)...*

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: Please give me a couple of minutes. *...(Interruptions)...*

---

*Expunged as ordered by the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No. There is one more speaker. *...(Interruptions)...*

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI: This agreement is the first time that India has advance reprocessing right; this agreement is the first time where no fall back safeguards are required; this agreement, on all fronts, is good. I submit, Sir, that those who oppose it must keep an open mind and try to move away from the stated positions to support what is a good agreement in the interests of India. Thank you.

श्री दिग्विजय सिंह (झारखंड) **:** उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे यह मौका दिया और ज्यादा मैं अमर सिंह जी का भी शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने अपने से पहले मुझे यह मौका दिया। जब-जब हम लोग सदन में इस सवाल पर बोलने के लिए खड़े हुए हैं तो हमें एक ही बात का दुख और अफसोस होता है कि जब हम अपनी बात कहते हैं तो भारत के प्रधान मंत्री को शक के दायरे में ले आते हैं और मेरे जैसे आदमी को कम से कम जब इस पद पर बैठे हुए व्यक्ति को शक के दायरे में लाने की बात की जाती है तो व्यक्तिगत तौर से मैं खुद दुखी होता हूं। भारत का प्रधान मंत्री किसी दल का प्रधान मंत्री नहीं होता हैं। जिस दिन उसने इस पद की शपथ ले ली उस दिन यह देश के सौ करोड़ लोगों की इज्जत और गरिमा का प्रतीक होता है और जब उस व्यक्ति के बारे में सदन के अंदर हम शक के दायरे में कोई बात कहें तो एक भारतीय होने के नाते कभी-कभी मुझे भी थोड़ी परेशानी होती हैं। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि पिछले तीन बार से लगातार हम इस सदन में इस बात पर चर्चा कर रहे हैं और चर्चा करने क दरम्यान हमने बार-बार प्रधान मंत्री जी से कहा कि प्रधान मंत्री जी, जो आप कर रहे हैं वह देश के हित में नहीं हैं। प्रधान मंत्री जी ने बार-बार यह कहा कि हम कोई ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे देश की इज्जत और गरिमा घंटे, संसद की मर्यादा घटे। यही नहीं वाशिंगटन की प्रेस कांफेंस में भी कहा था कि हम वहीं काम करेंगे जो देश के ज्यादातर लोगों की सहमति से होगा। लेकिन उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे अफसोस है कि प्रधान मंत्री हमारी बात तो छोड़ दें, अमर सिंह और यशवंत सिंन्हा जी की बात तो छोड़ दें, लेकिन जिनके भरोसे सरकार चला रहे हैं, उनका भी fo'okl आज उनको नहीं हैं। हमने संसद के अंदर देखा था कि जब भारत के एक प्रधान मंत्री को जब उनको दूसरे सहयोगी दल कांग्रेस पार्टी का सहयोग और fo'okl प्राप्त नहीं हुआ तो इसी सदन के अंदर देश के वह एक ऐसे प्रधान मंत्री आदरणीय स्वर्गीय चन्द्रशेखर जी थे और जिस दिन उनको यह पता चला कि कांग्रेस पार्टी के सदस्य संसद में उपस्थित नहीं हैं तो इसी सदन के अंदर उन्होंने अपना इस्तीफा तक दे दिया था। यह ताकत होती हैं प्रधान मंत्री के पद की और आज जो प्रधान मंत्री ऐसी डील करने की बात कह रहा हैं या सोच रहा हैं उसको अपने ही सही, जनतंत्र है क्या, जनतंत्र में कौन सी ताकत होती है, बहुमत के सहारे चलाने का जिसको हक और अधिकार मिल जाए वही भारत का प्रधान मंत्री होता है। क्या आपको अपने वामपंथी दल के लोगों का सहयोग और समर्थन प्राप्त है जो काम आप कर रहे हैं? मैं इस बात को इसलिए कह रहा हूं कि आप दुनिया के देश में, दुनिया की नजरों में हम नीचे गिरते चले जा रहे हैं। भारत का प्रधान मंत्री एक शब्द कहे, सरकार की तरुफ से एक बात कही जाए और जो लोगों के भरोसे सरकार चला रहे हों वे दूसरी बात कहें, तो जनतंत्र की ताकत और हैसियत मजबूत नहीं होती। उपसभाध्यक्ष महोदय, औरों की तो बात छोड़ दें, उनके स्वयं कें तत्कालीन विदेश मंत्री माननीय नटवर सिंह जी का जो बयान अभी कुछ दिनों पहले अखबारों में छपा हैं कि डील के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और जब व्हाइट हाउस में पहुंचा तो हमें डील का कागज पकड़ा दिया गया और उतना ही नहीं जो यू0पी0ए0 की चेयरमैन थी उन्होंने नटवर सिंह जी से पूछा कि यह डील तुमने किसको और कैसे पूछ कर किया। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि नटवर सिंह जी का बयान इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित हो चुका हैं। और उसके बाद भी सरकार सोचती है कि वह डील सर्वानुमति से कर रही है, तो हम सब लोग कहां और किस तरुफ जा रहे हैं, इसका अंदाजा लगाया जाए। उपसभाध्यक्ष महोदय, यहां पर बहुत काबिल लोग हैं, प्रणव मुखर्जी इस देश के विदेश मंत्री हैं, पिछले कई वर्षों से सरकारों को चलाने का अनुभव और तजुर्बा उनके साथ हैं। क्या विदेश मंत्री जी इस बात का जवाब मुझे दे पाएंगे तथा क्या आप उस देश के विदेश मंत्री रहेंगे जिसके प्रधान मंत्री को आप पर fo'okl न हो और जब प्रधान मंत्री यह कहें कि हम कौन सा कार्यक्रम अपनी विदेश नीति में करने जा रहे हैं उसकी जानकारी आपको न हो। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस

बात को सदन के सामने इसलिए रखना चाहता हूं कि इण्डो-यू0एस0 न्यूक्लीअर डील के बारे में यह सदन स्पष्ट तौर पर अपनी राय कई बार बता चुका हैं। एक बार नहीं सहयोगी दल और समर्थन करने वाले लोगों ने बता रखा हैं और उसके बाद प्रधान मंत्री इस डील को करना चाहते हैं। तो या वो सरकार की तरफ से हो रही है या हम लोगों की तरफ से कोई नादानी हो रही हैं। आप इस डील को करवान के लिए दुनिया के उन मंचों पर किस मुंह से जा रहे हो, जहां पर आप भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं? जब आपको आपके ही सहयोगी लोगों का समर्थन प्राप्त नहीं हैं, तो किस मुंह से दुनिया को यह बताने जा रहे हैं हो कि हम इस न्यूक्लीयर डील को करने जा रहे हैं? उपसभाध्यक्ष महोदय, आज इस की राजनीति की स्थिति किस तरह से लाकर खड़ी कर दी गई हैं कि बहार के लोग आकर हमको बता रहे हैं कि यह डील आपके देश के हित में हैं। यह आपके राष्ट्रीय हित में हैं, अमेरिका के लोग आकर बतातें हैं, उसका एम्बेसडर बताता हैं। कोकटेल पार्टियों में कहा जाता है नहीं-नहीं जो लोग इस डील का विरोध कर रहे हैं, उनको देश के हित की चिंता नहीं हैं। और तो और सरकार की तरफ से भी यह कहा जाता है कि हम नादान लोग हैं। जिन्होंने डील का समर्थन नहीं किया हैं, वे नादान लोग हैं। हां, हम नादान लोग हैं, क्योंकि हम इसी साल हिन्दुस्तान की आज़ादी की लड़ाई की शुरूआत की 150वीं साल मना रहे हैं। उन आजादी की लड़ाई के दीवानों ने हमें यह समझाया और बताया था कि भारत की इज्जत और गरिमा को बचाने के लिए दुनिया में जिस भी ताकत के साथ मुकाबला करना हो, तो उसके सामने कभी सिर झुकाने की जरूरत नहीं हैं। हमको यह बताया गया था, इसलिए हम नादान लोग हैं, इसीलिए हमारे वामपंथी लोग नादान हैं, आप उनको कह सकते हो। इसलिए आप हमें नादान लोग कह सकते हो कि हम भारत के सौ करोड़ लोगों की इज्जतत और गरिमा के साथ लड़ने को तैयार खड़े हैं। इसका यह मतलब नहीं हैं कि हम कांग्रेस पार्टी के लोगों को कह रहे हैं कि आप देशभक्त लोग नहीं हो। आप तो देशभक्त हो। कौन कहता है कि आप देशभक्त नहीं हों? कांग्रेस का इतिहास, कांग्रेस की विरासत, पोखरन-1 हमने नहीं किया था, पोखरन-1 तो श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया था। दुनिया के सामने आजादी की लड़ाई से पहले और आजादी की लड़ाई के बाद, इस देश के प्रधान मंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि दुनिया में जहां भी आजादी बराबरी की होगी, colonialism के खिलाफ होगी, तो हम उस लड़ाई में साथ देगें। आपको अपने पूर्व प्रधान मंत्री और देश के बड़े नेताओं के प्रति कोई आस्था नहीं हैं। आप पं0 जवाहर लाल की बात याद नहीं कर रहे हो, आप उस राष्ट्रपति की बात याद कर रहे हो, जिसने दुनिया के सबसे बड़े, मंच यूनाइटेड नेशन्स में जाकर कहा था कि इराक के पास Weapons of Mass Destruction हैं, इसलिए हमें लड़ाई करने का मौका दो, युद्ध करने कर मौका दो और दुनिया में वह राष्ट्रपति साबित हुआ हैं। आप उस पर ही यकीन कर रहे हों, हमें दुख और अफसोस हैं, तो इस बात का हैं। क्या राष्ट्रपति बुश ने यह बात नहीं कही थी? क्या उनके विदेश मंत्री ने यूनाइटेड नेशन्स में यह बात नहीं कही थी कि इराक के पास Weapons of Mass Drstruction हैं। आप उनकी बात का यकीन कर रहें हो, लेकिन सीताराम येचुरी की बात का यकीन नहीं कर रहे हो। आपको उन पर भरोसा है, लेकिन अपने वामपंथी दल के सहयोगियों पर भरोसा नहीं हैं। हम यह बात आपके सामने इसलिए रखना चाहते हैं कि हम यह जानना चाहते हैं कि सचमुच प्रधान मंत्री करना क्या चाहते हैं? मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं कि प्रधान मंत्री का पद दायित्व से भरा हैं। मैं इसलिए इस बात का जिक्र करना चाहता हूं कि यहां एनर्जी का एक हौवा खड़ा किया जा रहा हैं। यह कोई पहली बार नहीं किया गया है। जब डा. मनमोहन सिंह जी इस देश में वित्त मंत्री बने थे, तब भी एनर्जी का हौवा खड़ा किया गया था और दाभोल का इनरॉन प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। आप इसको मत भूलिये और क्या हालत हैं, आपको क्या इसका अंदाजा हैं? वह एनरॉन कहां पर हैं? क्या वह देश छोड़कर चला गया, बिजली का कारखाना बंद हो गया? सीताराम यंचुरी ने बिल्कुल सही बात कही हैं, मैं उससे एक कदम आगे बढ़कर कहना चाहूंगा कि आज इस देश में बिजली उत्पादित करने की बड़ी ताकत और क्षमता मौजूद हैं। भारत का प्रधान मंत्री लाल किले से कहता हैं कि हिन्दुस्तान की गरीबी तब तक दूर नहीं हो सकती, जब तक दक्षिण में गरीबी मौजूद रहेगी। यह बात सही है, अगर नेपाल गरीब रहेगा, बंगलदेश गरीब रहेगा और श्रीलंका गरीब रहेगा, तो भारत आर्थिक रूप से ताकतवर और अमीर देश नहीं बन

*Expunged as ordered by the Chair.

सकता हैं। अगर आप सचमुच एनर्जी के लिए, बिजली, पानी के लिए व्याकुल हो, तो नेपाल की नदियां जो भारत में आकर बिहार और उत्तर प्रदेश में तबाही और बर्बादी का रास्ता अपना लेती हैं, उतना ही पैसा 40 मिलियन जिसका जिक्र सीताराम येचुरी जी ने किया हैं, दो लाख हजार करोड़ रूपया, अगर आप उस पर खर्चा कर दो, तो सिर्फ उस पैसे से 80 हजार मेगावाट बिजली का इंतजाम हो सकता हैं। एक बड़े प्रोजेक्ट की साढ़े पांच हजार मेगावाट बिजली आज भी कहां पर हैं , हम लोगों को नहीं मालूम हैं। और आप तैयारी कर रहे हैं स्वीडन में बिजली कैसे बनाई जाती हैं। सिंघवी साहब उधर चले गए, वे स्वीडन की बिजली की बात कर रहे हैं। आपको स्वीडन की per capita income मालूम हैं, वहाँ के एक मजदूर और प्रधान मंत्री के तन्ख्वाह का ratio मालूम हैं। वहाँ मजदूर को 5.5 हजार 6 हजार क्रोनर मिलता है और वहाँ के प्रधान मंत्री की तनख्वाह 7.5 हजार क्रोनर हैं। यह मजदूर और प्रधान मंत्री के तनख्वाह में फर्क है और आप तुलना भारत की कर रहे हैं? स्वीडन कहाँ है और हम कहाँ खड़े हैं, क्या आपको इसकी जानकारी हैं?

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे पूछना और जानना चाहता हूँ ...(**व्यवधान**)... स्वीडन की बात अभिषेक मनु सिंघवी साहब ने कही थी, इसलिए मैंने उसका जिक्र किया था। आप नहीं सुन रहे होंगे। इसलिए मैं आपसे कहना चाह रहा हूँ कि आप किन बातों को करना चाहते हैं, इसकी प्राथमिकता तो तय करो। मुझे यह भी मालूम है कि पता नहीं, सीताराम जी, आपका सहयोग इनको कब तक मिलेगा? आपका हमसे झगड़ा हैं, एनडीए के लोगों से झगड़ा हैं, भारतीय जनता पार्टी के लोगों से झगड़ा हैं। वह झगड़ा तो बरकरार रहेगा और रहना भी चाहिए। आप अपने उसूल पर कायम रहो और हमसे लड़ते रहो, जो आपके सवाल हैं, उनके बारे में हमसे जूझते रहो, हमें कोई ऐतराज नहीं। यही भारत के प्रजातंत्र की, आजादी की ताकत है कि आपको लड़ने का हक और अधिकार हैं। लेकिन याद रखिएगा और यह बात मैं कांग्रेस के लोगों से भी कहना चाहता हूँ कि यह कोई महज, आप यह मत समझिएगा कि एक्सीडेंट हो गया या यह कोई co-incident है या घटना मात्र हैं। आज जिस तरह से दक्षिण एशिया में जो लोग ऊँचे पदों पर बैठे हुए हैं, वे कौन लोग हैं, आप इसका ज़रा अंदाजा लगा लीजिए। प्रणव मुखर्जी जी, आपकी जितनी राजनीतिक अक्ल हैं, जितना राजनीतिक काम का अनुभव हैं, उतनी तो मेरी उम्र हैं। इसलिए मैं आपको क्या समझा सकता हूँ। छोटा मुँह बड़ी बात करने की आदत मुझमें नहीं हैं, लेकिन आप इस बात को गम्भीरता से कब सोचेंगे? यह मुल्क कांग्रेस पार्टी और बीजेपी पार्टी से बड़ा हैं। प्रधान मंत्री आएगा, जाएगा, लेकिन यह देश रहेगा। सोवियत संघ में एक व्यक्ति आया था, जिसने सोवियत संघ को तोड़ कर हजारों टंकड़ों में बाँट दिया। उस समय लोगों को लगा था कि बड़ा क्रांतिकारी कदम उठाया जा रहा हैं। पद पर बैठा हुआ आदमी कभी-कभी ...(**व्यवधान**)...मैं किसी पद के बारे में नहीं बोल रहा हूँ, मैं सबके बारे में बोल रहा हूँ। कल आप वहाँ पर थे, परसों यशवंत सिन्हा जी वहीं पर बैठे हुए थे, वे उधर से इधर आ गए। इसका यह मतलब नहीं हुआ कि आप देशभक्त हो गए और वे देशद्रोही हो गए या देशभक्त हैं और आप देशद्रोही हैं। मैं इस बात को कभी नहीं कह सकता, सोच भी नहीं सकता। लेकिन मैं इतना जरूर सोचता हूँ कि आने वाली चुनौतियाँ बड़ी हैं। आप तो विदेश मंत्री हैं। नेपाल हमारा पड़ोसी देश हैं। कल नेपाल की सरकार ने चीन से कहा कि आप काठमांडू तक रेलवे की लाइन बिछा दो। सीताराम जी की बड़ी दिलचस्पी हैं, हम सब लोगों की दिलचस्पी है नेपाल में। हर हालत में नेपाल हमारे साथ रहने वाला हैं, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक, पड़ोसी, जियो-पॉलिटिकल, सोशल कल्चरल। आज उस देश में भी कहा जा रहा हैं कि चीन से रेलवे लाइन बिछाओ और काठमांडू तक ले आओ। हम 60 वर्षों में सिर्फ रक्सौल से बीरगंज तक एक 6 किलोमीटर की रेलवे लाइन बिछा पाए हैं और वह भी उनका कंटेनर डिपो बनाने के लिए। मैं यह बात आपसे कह रहा हूँ कि सोचने की जरूरत अभी अमेरिका के ऊपर कम हैं, अपने इर्द-गिर्द होने वाली घटनाओं पर ज़रा ध्यान देंगे। हम यह नहीं कहते कि भारत इस देश की तरह ही ढह जाएगा या गिर जाएगा, लेकिन हम इतना जरूर कह सकते हैं कि आज हमें इनसे कुछ सबक लेनी चाहिए। उस सबक में कभी अमेरिका हमारा साथी होगा, हम इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। 60 साल के इतिहास में पंडित जवाहर लाल, इन्दिरा गाँधी, even मोरारजी, कार्टर को बड़ी उम्मीद थी कि मोरारजी अमेरिकापरस्त हैं, कार्टर इसी उम्मीदसे दिल्ली आए थे कि मोरारजी के हाथों से एनपीटी के ऊपर दस्तखत करा लेंगे, क्योंकि वे कम्युनिस्ट विरोधी हैं। लेकिन जब जिम्मी कार्टर आए, तो मोरारजी भाई ने कहा कि हाँ, हम कम्युनिस्टों के विरोधी तो हैं, लेकिन हिन्दुस्तान की मिट्टी की कसम हमने खाई है और इसलिए

हम तुम्हारे साथ किसी भी तरह से एनपीटी पर समझौता नहीं कर सकते। यह हैं इस देश की ताकत। जो अमेरिकापरस्त प्रधान मंत्री माना जाता था और मोरारजी भाई खुल कर बोलते थे, उन्हें कहने में कोई हिचक नहीं होती थी। वे कहते थे कि सोवियत संघ बेकार हैं, अमेरिका हमारा सहयोगी होने वाला हैं। उस प्रधान मंत्री में भी इतनी हिम्मत और ताकत थी। अभी तो अखबारों में छप चुका हैं।

अब इस देश में एक अजब बात हो रही हैं। अब हमारे नेताओं को, अटल बिहारी वाजपेयी को समझाने के लिए प्रधान मंत्री गए तो गए, सीआईआई के लोग भी जा रहे हैं। बिज़नेस घराने के लोग बताने के लिए जा रहे हैं,पूंजीपति बताने के लिए जा रहे हैं कि अटल जी, यह देश के हित में हैं। हम लोग प्रधान मंत्री जी की तरफ से तो नादान बताए जा रहे हैं, किन्तु अब ये पूंजीपति भी हमको नादान बता रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारी हालत यह होती जा रही हैं (समय की घंटी) हम आपका ज्यादा समय नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन हम आपसे इतना जरूर कहना चाहते हैं...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (**प्रो. पी.जे. कुरियन**) : प्लीज़, कन्क्लूड करिए।

श्री दिग्विजय सिंह : और खास करके श्री प्रणव मुखर्जी जी से कहना चाहते हैं, चूंकि आज वह इस सदन में हैं। पता नहीं प्रधान मंत्री जी को क्या हो गया, लेकिन विश्वास तो उनके ऊपर था।

उपसभाध्यक्ष महोदय, देखिए एक बात और भी ध्यान रहे कि इस देश में सारी न्यूक्लियर पॉलिसी और उसके प्रोग्राम का बटन प्रधान मंत्री के हाथ में होता हैं। भारत के राष्ट्रपति को भी उसकी जानकारी नहीं रहती हैं। प्रणव मुखर्जी विदेश मंत्री हैं, यशवंत सिन्हा जी भी विदेश मंत्री रह चुके हैं, हम लोग भी रह चुके हैं लेकिन किसी कुछ मालूम नहीं, लालू जी को भी मालूम नहीं। वह सिर्फ प्रधान मंत्री जी को मालूम हैं। उस पद के ऊपर देश का विश्वास होता है और अगर प्रधान मंत्री ही आज इस शक के घेरे में हैं और इस दायरे में हैं तो यकीन मानिए कि हम देश को मज़बूत नहीं बना रहे हैं। इसलिए हमारी आपसे गुजारिश हैं, सीताराम येचुरी जी तो अपना काम करेंगे, वृंदा जी अपना काम करेंगी, (**समय की घंटी**) सरकार के बारे में आप लोगों को जो करना होगा, कीजिएगा। हम उस पर कुछ नहीं कह सकते हैं, लेकिन हम इतना जरूरत कह सकते हैं...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (**प्रो. पी. जे. कुरियन**) : प्लीज़, कन्क्लूड करिए।

श्री दिग्विजय सिंह : सर, बस मैं कन्क्लूड कर रहा हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि अगर प्रधान मंत्री और ये हुकूमत के लोग सचमुच प्रजातांत्रिक हैं, डेमोक्रेसी में सचमुच यकीन है तो आज सदन में लालू जी जहां बैठे हैं, उस हिस्से से इस हिस्से तक के लोग विरोध में खड़े हैं। प्रधान मंत्री जी को सचमुच जनतंत्र की ताकत और शक्ति की समझ है तो इस डील को तत्काल रोकें। भले ही सीताराम येचुरी जी ने उनको ऑनरेबल एक्जिट का मौका दिया हैं, लेकिन इस सदन के माध्यम से हम उनसे यह मासंग करते हैं कि इससे उनकी गरिमा, उनका पद और उनका व्यक्तित्व बढ़ेगा, अगर वह न्यूक्लियर डील को सिरे से खारिज कर दें और देश की ताकत और एकता को मज़बूत करें। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Okay, thank you. Dr. Maitreyan. ...*(Interruptions)*...

SHRI AMAR SINGH (Uttar Pradesh): Sir, what are you doing? It is my turn ... *(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROR. P.J. KURIEN): No, no. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*...

SHRI K. NATWAR SINGH (Rajasthan): Mr. Vice-Chairman, Sir, Digvijay Singhji has mentioned my name. I would like to respond. I can do so at the end of the debate. What hie stated is factual reality.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You will be given some time. ...*(Interruptions)*... I will sort it out. In fact, on your agreement ...*(Interruptions)*...

SHRI AMAR SINGH: No, Sir. ...*(Interruptions)*... I have not given my time to him. ...*(Interruptions)*. .*1* have not given my time to him. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, no. That is coming to you. ...*(Interruptions)*... Let me clarify ...*(Interruptions)*... Please ...*(Interruptions)*...

SHRI AMAR SINGH: No, Sir, I will not speak. I am boycotting. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): There is no problem. ...*(Interruptions)*... You can speak. ...*(Interruptions)*... Come on, you speak. ...*(Interruptions)*...

SHRI SHAHID SIDDIQUI: What is this, Sir?

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I am not denying you. ...*(Interruptions)*.. I have not denied you. ...*(Interruptions)*.. You have misunderstood me. I have not denied you. ...*(Interruptions)*... It is not like that. ...*(Interruptions)*...

SHRI VIRENDRA BHATIA (Uttar Pradesh): He tried to adjust Mr. Digvijay Singh. ...*{interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Hon. Members, please take your seats. ...*(Interruptions)*... I was given to understand your chance is given and when his chance comes you will speak. ...*(Interruptions)*... That is what I thought. ...*(Interruptions)*...

SOME HON. MEMBERS: No, Sir. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROR P. J. KURIEN): I agree. ...*(Interruptions)*... It is agreed. ...*(Interruptions)*... It is for Mr. Amar Singh to decide. Nobody has to interfere ...*(Interruptions)*... I only thought like this. If he wants to speak, I am permitting him. ...*(Interruptions)*... What is the problem? ...*(Interruptions)*... I thought like that because ... *(Interruptions)*...

प्रो. राम देव भंडारी : सर, अगर चलना है तो सीरियल से चलिए।...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF P. J. KURIEN): I was not informed ...*(Interruptions)*... Let me clarify. ...*(Interruptions)*... Please, don't misunderstand me. ...*(Interruptions)*...

प्रो. राम देव भंडारी : सर, अगर आप सीरियल तोड़ते हैं तो दुसरो के लिए भी तोडना चाहिए।...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (**प्रो. पी. जे. कुरियन**) : सभी को चांस मिलेगा, आप बाठिए...(**व्यवधान**)... नहीं, सभी को चांस मिलेगा, प्लीज आप बैठिए...(**व्यवधान**)... आप इतने सीनियर मैम्बर हैं, आप बैठिए...(**व्यवधान**)... Amar Singhji, please don't Misunderstand. I thought that when you agreed for him to speak, you would speak when his turn comes.

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): No, no, Sir. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROR R J. KURIEN): No, no. I agree. ...*(Interruptions)*... I thought like that. That is all. If it is not so, I have no problem. ...*(Interruptions)*... But, why do you say 'No'. Why did Brinda]; say no? ...*(Interruptions)*... Amar Singhji can say what he wants to *say...(Interruptions)*... Let Amar Singhji say this ...*(Interruptions)*... You don't *speak...(Interruptions)*...

SHRI AMAR SINGH: Comrade Brinda *Karat....(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I am sorry. 1 misunderstood ...*(Interruptions)*... Maybe I misunderstood *it...(Interruptions)*... The fact is that you agreed to let him speak and gave your *chance....(Interruptions)*... I thought you would speak when his chance would *come....(Interruptions)*... You can speak now.

श्री अमर सिंह : सर, सौभाग्य से समाजवादी पार्टी के सदस्यों की संख्या अभी भी इस सदन में 16 हैं। मैं इस संख्या पर नहीं जा रहा हूँ कि मुझे कब अवसर मिलना चाहिए। आपकी कृपा हैं, जब भी आप अवसर दे दें।

अभी थोड़ी बदमजगी हो गई, इसके लिए माफी चाहता हूँ, लेकिन आज की चर्चा का माहौल ही कुछ ऐसा रहा। चर्चा का स्तर कुछ इस तरह से चला बढ़ा कि हमारे प्रधान मंत्री। महोदय, प्रधान मंत्री हमारा या तुम्हारा नहीं होता हैं। प्रधान मंत्री देश का होता हैं। प्रधान मंत्री आज कोई हैं, कल कोई और होगा। फिर चर्चा का स्तर चलने लगा कि कौन किसका पी0ए0 था, कौन किसके कमेरे में कब सिफारिश करने आ गया। मैं बहुत छोटा आदमी हूँ...(**व्यवधान**)...

श्री लालू प्रसाद: आप छोटे कब से हो गए...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह : मैं बहुत छोंटा आदमी हूँ, इसलिए मेरा भी पोस्टमार्टम हो, तो मैं स्पष्ट कह देना चाहता हूँ कि इतने बड़े लोगों के बीच में मेरी कोई हैसियत नहीं हैं। यहां लालू जी बैठे हैं, कपिल सिब्बल जी बैठे हैं, अभिषेक मनु सिंघवी जी बैठे हैं और श्री राम जेठमलानी जी भी बैठे हैं। ये सब लोग पेशे में बड़े-बड़े वकील हैं। सेक्शन, क्लॉज, सब-क्लॉज़ की जितनी जानकारी इनको हैं...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद : उनके पास लॉ की डिग्री भी हैं...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह : यह तो सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के मैम्बर भी हैं। अब तो आपकी कृपा से यह इतने मुकदमें झेल चुकें हैं कि इनको महारत हासिल हो गई हैं...(**व्यवधान**)...

महोदय, मैं बताना चाहता हूं, इसके पहले कि कोई और बताए, मेरा सौभाग्य है कि आदरणीय प्रणव मुखर्जी जी के नेतृत्व में मैं एक छोटे कार्यकर्त्ता के रूप में काम कर चुका हूं। लोग बताए a कि यह तो कार्यकर्ता रहे, तो मैं उनका भी कार्यकर्त्ता रहा हूँ। देश के भविष्य के बारे में, न्यूक्लियर कार्यक्रम के बारे में प्रिटेक्स्ट,कांटेक्स्ट और टेक्स्ट के बारे में, सीताराम येचुरी जी ने बहुत लम्बा बयान दिया हैं। मुझे इसका अनुभव नहीं है और न ही एक्सपोज़र हैं। यशवन्त सिन्हा जी तो विदेश मंत्री रहे हैं, उनको लम्बा प्रशासनिक अनुभव हैं, कॉमरेड युचुरी सरकार चला ही रहे हैं, यू0पी0ए0 और लेफ्ट की कोऑर्डिनेशन कमेटी की मीटिंग हैं। हमारे यहाँ 16 हों और 40 लगभग लोक सभा में हों, तो सरकार इसमें हमसे कोई बात नहीं करती हैं। इसलिए हमारी जो जानकारी हैं, वह वृंदा जी और कॉमरेड कारत जी कभी-कभी बता देते हैं कि ऐसा हो रहा हैं, उतने तक ही सीमित हैं। इसलिए अगर हमारी समझ में कोई गलती हो, नासमझी हो, नासमझी हो, तो उसका थोड़ा बहुत दोष आप इन पर भी दे सकते हैं। न तो विरोधी दल के नेता श्री जसवन्त सिंह जी की तरह स्ट्रोब टालबोट के साथ हमारी कोई मुलाकात ही हुई हैं...(**व्यवधान**)... खैर यहाँ उनका तो कोई संदर्भ ही नहीं हैं।

यहाँ पर हाइड एक्ट और 123 एग्रीमेंट की बात हो रही है। अभिषेक मनु सिघवी जी ने भारत की संसद में,अमेरिका के कानून के बारे में हमको विस्तार से बताया कि अमेरिका के कानून में यह है, यह है और यह हैं, 123 कितना शास्वत हैं, हाइड एक्ट से कितना अलग-थलग हैं। उनकी बात सुनते समय मुझे एक बात याद आ रही थी कि यह भारत की संसद है और यहाँ अमेरिका की चर्चा हो रही हैं।

मुखलिस हैं, सितमगर हैं, कातिल हैं, प्यारा हैं।
कुछ भी हो सब उसका, लेकिन यह शख्स हमारा हैं।।

इरान हो जाए, इराक हो जाए, अफगानिस्तान हो जाए इराक में कह दिया कि मास डिस्ट्रक्शन का वैपन हैं, बाद मैं पता चला कि वह नहीं मिला हैं। आज ही हमारे साथी श्री शाहिद सिद्दिकी मुझे एक रिपोर्ट दिखा रहे थे कि अमेरिका की इंटेलिजेंस के रिपोर्ट में बताया गया हैं कि इरान के ऊपर जो आरोप लग रहा हैं, उसमें भी कोई सच्चाई नहीं हैं। यानी अमेरिका के लोगों ने ही, अमेरिका के स्सिटम ने ही, ईरान के ऊपर लगाई गई तोहमत को नकार दिया हैं। अमेरिका के ही ज्यादा-से-ज्यादा जनसंख्या के लोगों को बुश साहब के प्रशासन को कोई मुगालता नहीं हैं। लेकिन सदन के पटल पर बार-बार भारत की स्वायत्तता के बारे में,संप्रुभता के बारे में आश्वासन देने के बावजूद जो बात सामने आई हैं, उस में टैक्नॉलोजी ट्रांसफर, फ्युअल सप्लाई, विदेश नीति, अन-इंटरप्टेड फ्युअल सप्लाई इन सभी मुद्दों पर भारी विवाद की स्थिति हैं। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि nuclear cycle in entirety, लेकिन यह मेरी समझ से बिल्कुल उल्टा हैं। यह एकदम selective हैं। हमारी समझ से यह regime और technology denial से हम मेनस्ट्रीम न्युक्लिअर एरिना में जा रहे हैं, ऐसा दावा हम लोग कर रहे हैं, लेंकिन ऐसा कहां हैं? तारापुर का कटु अनुभव हमारे

सामने है। Uninterrupted fuel supply की जगह हम को मिल रहा हैं, termination का क्लॉज। रिएक्टर फ्युअल सप्लाई और इक्युपमेंट टर्मिनेशन के साथ तुरंत सब खत्म हो जाएगा। महोदय, 123 एग्रीमेंट और हाइड एक्ट- इनमें कोई अंतर नहीं हैं। दोनों का एक दूसरे में बिल्कुल समावेश हैं। इंटरनेशनल एटॉमिक एजेंसी से perpetuity का एग्रीमेंट हम करेंगें, लेकिन न्युक्लिअर फ्युअल सप्लाई के लिए perpetuity को कोई समझौता हमारे पास नहीं हैं।

मुझे अमेरिका के लोगों से, वहां के शहरों से , वहां कभी-कभी जया जी के साथ गया हूं ब्रॉडवेक में,न्युयार्क में टाइम्स स्क्वैयर के शोज से, मुझे कोई परहेज नहीं हैं। मुझे बहुत अच्छे लगते हैं लेकिन जॉर्ज ब्रुश की जो साम्राज्यवादी नीतियां हैं, बहुसंख्यक अमेरिकी नागरिकों की तरह वे मुझे भी पसंद नहीं हैं। राम जेठमलानी जी मुझे माफ कर दें। ठीक वैसे ही, जैसे डा0 मनमोहन सिंह जी, हमारे साथी रामगोपाल जी ने कहा कि बहुत ऑनरेबल हैं, मैं भी कहता हूं कि बहुत ऑनरेबल हैं, लेकिन वे जो डील भारत के लिए कर रहे हैं, यह बिल्कुल ऑनरेबल नहीं हैं। यह ऑनरेबल इसलिए नहीं है क्योंकि यह डील हमारे हित में नहीं हैं। यह एक मिलिटरी स्टेट्स रीजनल आर्किटेक्चर, नेवल एक्सरसयाइज के आधार पर बनाई जाने वाली डील है और इस डील का फायदा दक्षिण-पूर्व एशिया की राजनीति में साम्राज्यवादी अमेरिका अपने लिए करना चाहता हैं। महोदय, एक हाइड साहब बहुत थे हमारी नींद खराब करने के लिए, लेकिन हाइड साहब के एक भाई हेनरी साहब भी आ गए और हेनरी साहब, माफ कीजिए यशवंत सिन्हा जी, आप के नेता के यहां पहुंच गए। पहली बार ऐसा हुआ कि हेनरी किसिंजर, सी0आई0आई0, फिक्की कल हमारे एक दोस्त हम से मिले,उन्होंने भी कहा क्या कर रहे हो, बहुत बधाई। मैंने पूछा किस बात की बधाई? वह बोले, तुम्हारे नेता ने लोक सभा में बहुत ढीला बयान दिया। कॉमरेड येचुरी, बुरा न मानिएगा, शुरू से जब हमारी आप की बात हो रही थी, कॉमरेड कारत से भी बात हो रही थी तो आप ने कहा कि हम तो इंटरनेशनल एजेंसी में इंडिया स्पेसिफिक के लिए भी जाने की इज़ाजत नहीं देंगे। पता नहीं, ऐसी कौनसी मजबूरी आ गयी कि आपने इज़ाजत दे दी और उस इज़ाजत के बाद हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और अखबार के पन्नों में ठीक उसी तरह से दुष्प्रचार चलने लगा, जैसे कि हमारे नेता रामगोपाल के लिए लगा कि समाजवादी पार्टी ढीली हो गयी। यह ठीक उसी तरह से चलने लगा कि वामपंथी भी ढीले हो गए...(**व्यवधान**)...सुषमा जी, बिल्कुल नहीं हुए। यह आरोप लगाना ठीक नहीं हैं और इसलिए ठीक नहीं हैं कि बीच में एक दिन आदरणीय आडवाणी जी के लिए भी निकल गया था कि वह ढीले हो गए।

श्रीमती सुषमा स्वराज : उन्होंने मना कर दिया था।

श्री अमर सिंह : तो दूसरे दिन प्रकाश कारत जी ने भी मना कर दिया कि ढीले नहीं हुए हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि कम से कम आज के दिन आपको सरकार की कुर्सी में बैठे हुए लोगों को बधाई देना चाहिए कि ब्रोडली उन्होंने यशवंत सिन्हा, कॉमरेड येचुरी और अमर सिंह की आवाज को एक कर दिया हैं। यही सेन्स ऑफ हाऊस हैं। यह हाइड की बात नहीं है, यह हेनरी किसिंजर की बात नहीं हैं, यह सीआईआईए और फिक्की की बात नहीं हैं। चाहे वह दक्षिण-पंथी हों, ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज : चाहे मध्य-पंथी हों।

श्री अमर सिंह **:** हम मध्य-पंथी नहीं हैं, हम वाम से नजदीक हैं और दक्षिण से थोड़ा दूर, हम सब लोग आज "मिले सुर मेरा तुम्हारा, तो सुर बने हमारा" और एक सुर बनकर के एक स्वर में कह रहे हैं और इसलिए कह रहे हैं कि इस नए परिवेश में एशियन नाटो के लिए, अमरीका के लिए सिर्फ इंडो-यूएस न्यूलीयर डील नहीं, एग्रीकल्चर, एजुकेशन, एकोनमी पोलिटिक्स पर विश्व के व्यापक मानचित्र में यह डील एक छोटा सा टुकड़ा मात्र हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पाकिस्तान को भारत के मुकाबले संतुलित करने वाला देश अमरीका रहा हैं। जब भी हमारे साथ पाकिस्तान का विवाद हुआ है, आज अभिषेक जी ने पाकिस्तान और चीन की चर्चा की हैं, लेकिन क्या यह सत्य नहीं हैं, कि हरदम पाकिस्तान और भारत के मुकाबले, चीन की बात अभी जाने दे, अमरीका का साफ हाथ हमेशा पाकिस्तान के सिर पर रहा है। अभी यहां शंघाई की बात हो रही थी। शंघाई की बात हो रही थी। शंघाई की बात करते हुए प्रधान मंत्री जी खड़े हुए और उन्होंने कहा कि उन वजहों से हम शंघाई नहीं गए और वे वजह उन्होंने

